# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Fax.: (05452) 252344,252244
Email: connectpuregistrar@gmail.com
Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक : 1120 /प्रवेश सेल/2024 दिनांक : 16 दिसम्बर .2024

**बी0पी0एड्0 पाठ्यक्रम सत्र 2024–2026**
**में रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश सम्बन्धी सूचना**

एतदद्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित बी0पी.एड्0 पाठ्यक्रम सत्र 2024–2026 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष तृतीय **शारीरिक दक्षता परीक्षां/काउंसिलिंग दिनांक 18 एवं 19 दिसम्बर 2024 को एकलब्य स्टेडियम में प्रातः 09:00 से आयोजित होगी**। उक्त प्रक्रिया के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पत्रांक संख्या–111/प्रवेश सेल/ 2024 दिनांक 03 दिसम्बर 2024 के माध्यम से सूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रदर्शित की जा चुकी है। प्रथम व द्वितीय दक्षता परीक्षा से छूटे हुये प्रवेश से वंचित पंजीकृत अभ्यर्थी भी उपरोक्त तिथियों में प्रवेश प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है।

जो अभ्यर्थी विश्वविद्यालय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन नही कर सके है, उन अभ्यर्थियों के लिये ऑफलाईन आवेदन का विकल्प खोला जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी उक्त आयोजन की तिथियों में विश्वविद्यालय परिसर के काउन्टर पर निर्धारित पंजीकरण शुल्क एवं काउंसिलिंग शुल्क नगद जमा कर उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु प्रतिभाग कर सकते है।

उक्त दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि इस सूचना के साथ संलग्न किये गये 10 बिन्दुओं के दिशा निर्देशों के अनुसार पालन करते हुये, काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित हो। अभ्यर्थियों के लिये आवश्यक नियम, निर्देश, आवेदन फार्म, रिक्त सीटों का विवरण, प्रपत्र "क" आदि विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.vbspu.ac.in** पर उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. समन्वयक/सदस्य, बी.पी.एड. (सत्र 2024–26) प्रवेश समिति।
2. प्राचार्य/संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, बी.पी.एड. विषय संचालित महाविद्यालय, सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. चीफ प्राक्टर, विश्वविद्यालय परिसर।
4. परीक्षा नियन्त्रक/उपकुलसचिव–परीक्षा
5. निजी सचिव–कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. आशुलिपिक, वित्त, वित्त अधिकारी को सूचनार्थ।
7. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना व संलग्न प्रपत्रों को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
8. मीडिया प्रभारी–विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना को सम्बन्धित समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
9. प्रभारी, एकलव्य स्टेडियम, विश्वविद्यालय, परिसर।
10. मैसर्स यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि समयबद्ध कार्यवाही करने करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Email:admissioncellvbspu@gmail.com

Fax.: (05452) 52344,252244
Web: www.vbspu.ac.in


दिनांक : 16 .12. 2024

## बी.पी.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2024–26

### तृतीय शारीरिक दक्षता परीक्षा/द्वितीय काउंसिलिंग हेतु अभ्यर्थियों के लिये दिशा–निर्देश

बी0पी.एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2024–2026 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष तृतीय शारीरिक दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग दिनांक 18 एवं 19 दिसम्बर 2024 तथा क्षमता से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर दिनांक 20 दिसम्बर को एकलब्य स्टेडियम में प्रातः 09:00 से आयोजित होगी। सत्र 2024–26 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन कर चुके तथा प्रथम व द्वितीय दक्षता परीक्षा से छूटे हुये प्रवेश से वंचित पंजीकृत अभ्यर्थी भी उपरोक्त तिथियों में प्रतिभाग कर सकते है। –

1. शारीरिक दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग ऑफलाईन सम्पन्न होगी। काउंसिलिंग में उपस्थिति होने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले कि वह बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रात्रता हेतु आवश्यक प्रमाण–पत्र प्राप्त कर चुके हो।
2. जो अभ्यर्थी किसी कारण से आनलाईन आवेदन नही कर सके है, ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्त तिथियों में विश्वविद्यालय के नगद काउन्टर पर रू 1000=00 जमा कर एवं प्रपत्र "क" पूरित कर प्रवेश हेतु प्रतिभाग कर सकते है।
3. समस्त अभ्यर्थियों को काउंसलिंग हेतु शुल्क रू 500=00 (रू पांच सौ मात्र) विश्वविद्यालय के लेखा काउन्टर पर नगद जमा करना होगा। अभ्यर्थी शुल्क नगद जमा की रसीद प्राप्त कर लें।
4. अभ्यार्थियों के लिये प्रपत्र "क" (पंजीकरण एवं शपथ–पत्र) जो विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रदर्शित है, को डाउनलोड कर दो सेट में पूरित कर निम्नलिखित क्रमानुसार प्रपत्रों की छाया प्रति संलग्न कर आयोजन स्थल पर स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करना होगा–

   A–प्रपत्र–'क', B–नगद जमा की रसीद, C–आवेदन पत्र (आनलाईन अभ्यर्थियों के लिये), D–शैक्षिक प्रमाण–पत्र (हाई स्कूल, इन्टर एवं स्नातक), E–खेलकुद सम्बन्धी प्रमाण–पत्र एवं E-श्रेणी/जाति सम्बन्धी प्रमाण–पत्र की प्रतियाँ। G–पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो (आवश्यकतानुसार चस्पा करना है) नोट–सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया प्रपत्र ही मान्य होगा। संलग्न छाया प्रतियो को अभ्यर्थी स्व–प्रमाणित कर संलग्न करे । साथ ही **अभ्यर्थियों को अंक–पत्रों एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति साथ में लाना आवश्यक है।**
5. आयोजन स्थल पर ही अभ्यर्थियों को अनुक्रमांक आवन्टित किया जायेगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि आयोजन स्थल पर चस्पा सूची का अवलोकन करते हुये समस्त प्रपत्रों पर अपने अनुक्रमांक भी अंकित करें।
6. अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु समस्त इवेन्ट में प्रतिभाग करना होगा। अतः अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के समस्त इवेन्ट में सम्मिलित होने के लिये खेल से सम्बन्धित परिधान में उपस्थित हो।
7. निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त प्रक्रिया हेतु स्वयं उपस्थित नही होने एवं अभिलेखों (मूल एवं छाया प्रति) को प्रस्तुत नही करने पर अभ्यर्थी को प्रवेश से वंचित कर दिया जायेगा एवं उसके स्थान पर अगले क्रम के अभ्यर्थी को प्रवेश को अवसर प्रदान किया जायेगा।
8. दक्षता परीक्षा एवं काउंसिलिंग प्रक्रिया के अर्ह अभ्यर्थी को महाविद्यालय आवन्टित किया जायेगा। महाविद्यालय आवन्टित होने के बाद एक सप्ताह के अन्दर महाविद्यालय में प्रवेश लेना अभ्यर्थियों के लिये आवश्यक होगा।
9. आवन्टित महाविद्यालय में निर्धारित अन्तिम तिथि तक प्रवेश शुल्क जमा कर अभ्यर्थी अपना प्रवेश सुनिश्चित कर ले, अन्यथा की स्थिति में प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा एवं प्रवेश हेतु पुनः अवसर प्रदान नही किया जायेगा।
10. महाविद्यालय में प्रवेश के समय मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित/प्रतिहस्ताक्षरित मूल चिकित्सा प्रमाण–पत्र आवन्टित महाविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

अभ्यर्थी उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

16/12/24

**कार्यालय प्रभारी**
**प्रवेश सेल**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Email:admissioncellvbspu@gmail.com
Fax.: (05452) 252344,252244
Web: www.vbspu.ac.in

दिनांक 16.12.2024

**बी.पी.एड. पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2024–26**
**में प्रवेश हेतु दिनांक 18, 19 दिसम्बर 2024 को आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा/ काउंसिलिंग हेतु प्रतिभाग करने वाले समस्त स्ववित्तपोषी महाविद्यालयों की सूची**

| क्र.सं. | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|
| 01 | राम नगीना किसान महाविद्यालय, मुड़ियारी, जखनिया, गाजीपुर |
| 02 | गोपीनाथ महाविद्यालय, देवली सलामतपुर, गाजीपुर |
| 03 | सन्तबूला सत्यनामदास बीरबल महाविद्यालय, अमारी, दुल्लहपुर, गाजीपुर |
| 04 | सन्तलखनदास (नागाबाबा) पचोत्तर महाविद्यालय, मरदह गाजीपुर |
| 05 | डॉ0 राममनोहर लोख्यिा महाविद्यालय, ढोटारी, (अध्यात्मपुरम) गाजीपुर। |
| 06 | श्री हरिदास महाविद्यालय, लहंगपुर, जौनपुर। |
| 07 | डा0 राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, झोटारी, धामुपूर, गाजीपुर। |
| कुल रिक्त सीटों की संख्या–150 | |

16/12/24

कार्यालय प्रभारी
प्रवेश सेल

प्रपत्र "क"

# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

(बी.पी.एड. पाठ्यक्रम प्रवेश सत्र 2024–26) दिनांक :

दक्षता परीक्षा एवं काउंसलिंग हेतु पंजीकरण एवं शपथ–पत्र (विश्वविद्यालय/महाविद्यालय प्रति हेतु)

अभ्यर्थी अपनी फोटो की प्रति ही चस्पा

आनलाईनआवेदन पजिकरण संख्या ....................................

आवेदन/काउन्सलिंग शुल्क रू ................................ रसीद संख्या............................................

अनुक्रमांक ................................ जन्म तिथिः..........................................

श्रेणी– सामान्य/पिछड़ावर्ग/अनुसूचित/जनजाति) ..........................................................................................................................

अन्य श्रेणी– यथा (अन्य प्रान्त/विकलांग/स्वतन्त्रता संगाम सेनानी आदि).................................................................................

अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में): ..........................................................................................

(अभ्यर्थी अपना नाम हाईस्कूल के अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र के अनुसार अंग्रजी कैपिटल लेटर में नीचे कालम में अंकित करें)

पिता/पति का नाम : ( हाईस्कूल के अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र के अनुसार अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में)

अभ्यर्थी के पत्राचार का पूरा पता–.............................................................................................................

.............................................................................................................................मो0नं0.........................................................

**अभ्यर्थी द्वारा चयनित महाविद्यालय**

1. ..........................................................................................
2. ..........................................................................................
3. ..........................................................................................
4. ..........................................................................................
5. ..........................................................................................

शैक्षिक अर्हताएं एवं प्रमाण–पत्र (स्वप्रमाणति छायाप्रतियाँ संलग्न करें)

01 ..................................................................

02 ..................................................................

03 ..................................................................

04 ..................................................................

अन्य प्रमाण–पत्र यथा जाति/अधिवास आदि (स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न करें)

01 ..................................................................

02 ..................................................................

03 ..................................................................

## घोषणा

मै एतद्द्वारा शपथपूर्वक यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त तथ्य, संलग्न प्रपत्र एवं चस्पा फोटो सत्य व सही है। यदि किसी भी स्तर पर किसी प्रपत्र/तथ्य में कोई त्रुटि/हेराफेरी पायी जाती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी। विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा मेरा प्रवेश निरस्त करने या अन्य जो भी कार्यवाही मेरे विरूद्ध की जायेगी, वह मुझे स्वीकार्य होगी। इसके लिये मेरे द्वारा किसी प्रकार का दावा न्यायालय में अथवा अन्यत्र प्रस्तुत नही किया जायेगा।

**प्रवेश हेतु आवन्टित महाविद्यालय**

**अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर**

..........................................................................................

**महाविद्यालय प्रतिनिधि**

**संयोजक/सदस्य**
काउंसिलिंग समिति